ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (GIS) 2025

चर्चा में क्यों?

मध्य प्रदेश के **भोपाल में 24-25 फरवरी, 2025 को** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (GIS) 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 30 लाख 77 हज़ार करोड़ रुपए के **समझौता ज्ञापन (MOU)** पर हस्ताक्षर हुए।

मुख्य बिंदु

- **GIS के बारे में:**
  - यह द्विदिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट **भोपाल के** राष्ट्रीय मानव संग्रहालय **में** आयोजित की गई।
  - मुख्यमंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की एक ऐतिहासिक पहल बताया।
  - **थीम:** इस वर्ष समिट की थीम थी **'अनंत संभावनाएँ'।**
  - केन्द्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री ने **वर्ष** 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने और 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य का उल्लेख किया।

//

- **उद्देश्य:**
  - इस समिट का उद्देश्य मध्य प्रदेश में **निवेश को आकर्षित करना और रोज़गार के अवसर बढ़ाना** है।
  - इस समिट के जरिये विज्ञान, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे कई क्षेत्रों में निवेश किया जाएगा।

- **सहभागिता और निवेश:**
    - सम्मेलन में 25,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए।
    - 60 से अधिक देशों से 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
    - 9 देशों ने पार्टनर कंट्री के रूप में योगदान दिया, जिनमें कनाडा, जर्मनी, इटली, जापान, मोरक्को, पोलैंड, रूस, रवांडा और **यूनाइटेड किंगडम** शामिल थे।
    - कुल **30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के एमओयू साइन हुए**, जो मध्य प्रदेश में बड़े और सहायक उद्योगों की स्थापना में मदद करेंगे।
    - इससे राज्य में **रोजगार, विकास और औद्योगिक वृद्धि** को बढ़ावा मिलेगा।
- **वन-टू-वन चर्चा और बीटूबी मीटिंग्स:**
    - सम्मेलन के दौरान 70 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों और संगठनों के साथ वन-टू-वन मीटिंग्स आयोजित की गईं, जिसमें कई प्रतिष्ठित कंपनियों और प्रतिनिधिमंडलों के साथ चर्चा की गई।
    - 600 से अधिक बीटूजी और **5,000 से ज्यादा बीटूबी बैठकें** आयोजित की गईं।
    - इस सम्मेलन में पहली बार **AI आधारित बिजनेस मैचमेकिंग टूल** का उपयोग किया गया, जिससे सही साझेदारों को जोड़ने में मदद मिली।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-investors-summit-gis-2025